# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 19.05.2026 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **प्राकृतिक खेती को बढ़ावा और उर्वरकों के संतुलित उपयोग के प्रति जागरूकता के लिए एक जून से देशभर में चलेगा खेत बचाओ अभियान, भुवनेश्वर में जोनल एग्रीकल्चर कांफ्रेंस आज।**

2. **झारखंड उच्च न्यायालय ने रांची नगर निगम में नक्शा पास की व्यवस्था पर जताई नाराजगी, कहा– कार्यपालक अभियंता की जगह असिस्टेंट टाउन प्लानर नक्शा के लिए अधिक उपयुक्त।**

3. **गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे लगातार 17वीं बार प्रतिष्ठित संसद रत्न पुरस्कार के लिए चयनित, नई दिल्ली में जुलाई में होने वाले समारोह में होंगे पुरस्कृत।**

4. **जेबीवीएनएल ने शुरू किया 'जन समस्या निवारण केन्द्र', सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक बिजली से जुड़ी शिकायतें दर्ज करा सकेंगे उपभोक्ता।**

5. **ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की हुई घोषणा, कप्तान सलीमा टेटे समेत झारखंड की निक्की प्रधान और दीपिका सोरेंग भी टीम में शामिल।**

************************

प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और उर्वरकों के संतुलित उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कृषि विभाग और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की ओर से एक जून से देशभर में **"खेत बचाओ अभियान"** चलाया जाएगा। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अभियान के अंतर्गत वैज्ञानिक गांवों में जाकर मिट्टी की गुणवत्ता के आधार पर किसानों को संतुलित खाद उपयोग के लिए जागरूक करेंगे।

इसे लेकर ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में आज जोनल एग्रीकल्चर कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है।

************************

पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों में आज लगभग 90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई, जो एक हफ़्ते से भी कम समय में दूसरी बढ़ोतरी है। दिल्ली में, पेट्रोल की कीमत अब 98 रुपये 64 पैसे प्रति लीटर है, जबकि डीज़ल की कीमत 91 रुपये 58 पैसे है।

इस बढ़ोत्तरी के बाद झारखंड की राजधानी रांची में पेट्रोल की कीमत 101 रूपये 76 पैसे और डीजल की कीमत 96 रूपये 52 पैसे प्रति लीटर हो गयी है।

यह वृद्धि 15 मई को हुई 3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी के कुछ दिनों बाद हुई है। यह बढ़ोतरी ईरान संघर्ष और **होर्मुज़ जलडमरूमध्य** में रुकावटों के बीच वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी तेज़ी के बाद हुई है।

************************

सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण आयात में व्यवधान के बावजूद देश के तेल शोधक कारखाने सामान्य रूप से काम कर रहे हैं और भारत के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है। पश्चिम एशिया में हाल की घटनाओं पर नई दिल्ली में आयोजित अंतर–मंत्रालयी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और प्राकृतिक गैस का पर्याप्त भंडार है।

************************

झारखंड उच्च न्यायालय में रांची नगर निगम में नक्शा पास से जुड़े मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने कहा कि रांची नगर निगम में प्रतिनियुक्ति पर तैनात कार्यपालक अभियंता के स्थान पर सहायक नगर नियोजक, यानी एटीपी, को नक्शा पास का कार्य सौंपा जाना चाहिए। मामले की अगली सुनवाई 29 जून को होगी।

************************

झारखंड के प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजीव कुमार की अध्यक्षता में रांची में हुई राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को ग्रामीण जनता को वनों से जोड़ने और संयुक्त वन प्रबंधन समिति के साथ वन सुरक्षा मजबूत करने के निर्देश दिए गए। इस बैठक में उन्होंने एलीफेंट कॉरिडोर पुनर्जीवित करने, मुआवजा मामलों का त्वरित निपटारा करने, लैंड बैंक बनाने और फॉरेस्ट क्लीयरेंस में तेजी लाने के साथ वन भूमि अतिक्रमण व अवैध खनन रोकने पर जोर दिया। साथ ही इको टूरिज्म, बुनियादी ढांचा विकास और मानव–पशु संघर्ष कम करने के लिए ठोस कदम उठाने को कहा गया, ताकि वनों और वन्य जीवों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

************************

गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे को लगातार 17वीं बार प्रतिष्ठित संसद रत्न पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। संसद रत्न अवार्ड समिति ने संसद में जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने, सक्रिय भागीदारी और उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन किया है। सांसद निशिकांत दुबे ने इस सम्मान को गोड्डा और झारखंड की जनता के विश्वास और आशीर्वाद का सम्मान बताते हुए इसे क्षेत्र की जागरूक और संघर्षशील जनता को समर्पित किया है। संसद रत्न पुरस्कार समारोह जुलाई में नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।

************************

झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड–**जेबीवीएनएल** ने उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए निगम मुख्यालय स्तर पर रांची में **'जन समस्या निवारण केन्द्र'** की शुरुआत की है।

उपभोक्त मोबाइल नंबर 90311–10120 पर भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। ऊर्जा सचिव के श्री निवासन ने बताया कि इस केंद्र के शुरू होने से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

************************

टाटा स्टील वित्तीय वर्ष 2026–27 तक डिजिटलीकरण और एआई आधारित कार्यकुशलता के जरिए 7100 करोड़ रुपये की लागत कम करेगी। कंपनी के एमडी व सीईओ टी.वी. नरेंद्रन ने बताया कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर खर्च और ऑटो सेक्टर की मजबूती से मांग बेहतर बनी हुई है। कंपनी गैल्वेनाइज्ड, पैकेजिंग, ट्यूब और वायर जैसे डाउनस्ट्रीम व वैल्यू–एडेड स्टील उत्पादों में विस्तार कर रही है।

**************************

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने भू–माफियाओं के अवैध कब्जे की शिकायतों पर हर हाल में रोक लगाने का निर्देश दिया है। उन्होंने राजस्व और सब–रजिस्ट्रार कार्यालय के अधिकारियों को जमीन दलालों पर कानूनी कार्रवाई करने और सोनाहातू निवासी प्रकाश कुमार महतो की जमीन के पंजी–2 में सुधार नहीं होने की शिकायत पर जल्द निष्पादन का निर्देश दिया है।

**************************

खलारी के एनके क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ सीआईएसएफ ने केडीएच और डकरा इलाके में विशेष अभियान चलाकर लगभग तीन टन अवैध कोयला जब्त किया है। सीआईएसएफ अधिकारियों ने कहा कि कोयला चोरी राष्ट्रीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के साथ उत्पादन व्यवस्था के लिए भी खतरा है, इसलिए तस्करी के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।

**************************

खूंटी जिले के साइको थाना क्षेत्र से पुलिस एक युवक और युवती का शव बरामद किया है। खूंटी के डीएसपी वरुण रजक ने बताया कि दोनों युवक–युवती छऊ नृत्य देखने गए थे और देर रात से लापता थे।

**************************

घरेलू शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक में आज शून्य दशमलव 3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 335 अंक की वृद्धि के साथ 75 हजार 657 जबकि निफ्टी 111 अंक बढ़ कर 23 हजार 762 पर कारोबार कर रहा था।

**************************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 47 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 76 हजार रूपये प्रति किलो है।

**************************

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी गई है। इस टीम में झारखंड की तीन खिलाड़ी कप्तान सलीमा टेटे, निक्की प्रधान और दीपिका सोरेंग भी शामिल हैं। तीनों खिलाड़ियों के चयन से राज्य के खेल प्रेमियों और हॉकी खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है।

***********समाप्त************